समाचार

# नागरिक सुविधाओं व सेवाओं की बेहतरी पर फोकस रखकर कार्य करें–आयुक्त

## (आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने किया शहर का भ्रमण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा, बेहतरी हेतु अधिकारियों का किया मार्गदर्शन)




कोरबा 09 जून 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने आज निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं व नागरिक सेवाओं की बेहतरी पर विशेष फोकस रखकर कार्य कराएं, उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण रूप से उपयोग कर व्यवस्थाओं को मजबूती दें, साफ–सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करें, विकास व निर्माण कार्यो में आवश्यक तेजी लाएं। उन्होने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन पर गंभीरता से कार्य करें।

आयुक्त श्री शर्मा ने आज निगम के अधिकारियों के साथ प्रातः 06 बजे से शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा किया, जनसुविधाओं व सेवाओं से संबंधित व्यवस्थाओं को देखा तथा इनकी बेहतरी हेतु अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होने गोकुलनगर स्थित गोठान, मिनीमाता कालेज के पीछे स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर, बुधवारी बाजार, सी.एस.ई.बी.चौक, टी.पी.नगर क्षेत्र, इंदिरा स्टेडियम परिसर, स्वीमिंग पूल, शक्ति स्थल, आडिटोरियम, फोरलेन सड़क, ध्यानचंद चौक, जलउपाचार संयंत्र कोहड़िया, हसदेव नदी पर नवनिर्मित सर्वेश्वर एनीकेट, गेरवाघाट राताखार बाईपास रोड सहित अन्य स्थलों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, आर.के.चौबे एवं एम.एन.सरकार, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, सहायक अभियंता राहूल मिश्रा, राकेश मसीह, रमेश सूर्यवंशी आदि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**गोठान का निरीक्षण**– आयुक्त श्री शर्मा ने भ्रमण के दौरान गोकुलनगर स्थित गोठान का निरीक्षण किया, वहां की व्यवस्थाओं को देखा तथा व्यवस्थाओं की बेहतरी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। गोठान में गोधन न्याय योजना के तहत खरीदे गए गोबर से खाद बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाएं, डम्प किए गए गोबर को काटें में डाले, उचित मात्रा में केचुओं का उपयोग करें तथा निर्मित किए गए सम्पूर्ण खाद का विक्रय सुनिश्चित करें।

**जलउपचार संयंत्र का अवलोकन**– आयुक्त श्री शर्मा ने भ्रमण के दौरान कोहड़िया में पेयजल आवर्धन योजना भाग–1 एवं पेयजल आवर्धन योजना भाग–2 अमृत मिशन के अंतर्गत विभिन्न क्षमता वाले स्थापित जल उपचार संयंत्रों का अवलोकन किया। उन्होने 32 एम.एल.डी., 29 एम.एल.डी., 12 एम.एल.डी. व 06 एम.एल.डी. क्षमता वाले जलउपचार संयंत्रों का निरीक्षण करते हुए संयंत्रों के उचित परिचालन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। निगम द्वारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से उत्सर्जित दुषित जल के पुनः उपयोग हेतु रि–सर्कुलेशन टैंक का निर्माण किया गया है, इस जल का उपयोग उद्यानिकी व सड़कों पर पानी छिड़काव हेतु किया जाएगा। आयुक्त श्री शर्मा ने इसका भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**सफाई कार्यो का किया निरीक्षण**– आयुक्त श्री शर्मा ने भ्रमण के दौरान निगम द्वारा किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। एस.एल.आर.एम.सेंटर की व्यवस्थाओं, सूखे व गीले कचरे का पृथकीकरण, कचरे के प्रबंधन आदि का जायजा लेते हुए वहां पर कार्यरत स्वच्छता दीदियों, सफाईमित्रों से चर्चा की, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान शहर के साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण करते हुए उन्होने डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण संबंधी कार्यो का प्रत्यक्ष रूप से जायजा लिया। दुकानदारों व गृहस्वामियों से आग्रह किया कि वे गीले व सूखे कचरे हेतु पृथक–पृथक डस्टबिन रखें तथा कचरे को डस्टबिन में ही संग्रहित करें, स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही कचरे को दें, कचरे को सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थानों में न डालें तथा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग दें।

**विकास व निर्माण कार्यो का निरीक्षण**– आयुक्त श्री शर्मा ने सी.एस.ई.बी.चौक से ध्यानचंद चौक तक फोरलेन निर्माण, राताखार गेरवाघाट बाईपास सड़क निर्माण, के.सी.सी.कालेज से मुड़ापार तालाब तक नाला निर्माण, राताखार नाला निर्माण, सहित अन्य प्रमुख निर्माणाधीन व प्रगतिरत विकास कार्यो का निरीक्षण किया तथा कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।